Headline: NIFTY 50 world's most actively traded contract: Surveys	
Source: Dainik Bhaskar	**Date:** 16 May 2016

निफ्टी 50 दुनिया का सर्वाधिक सक्रिय ट्रेडेड कॉन्ट्रैक्ट

ब्यूरो | मुंबई

भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने विश्व के बड़े एक्सचेंजों के बीच अपना अग्रणी स्थान बनाए रखा है। हाल ही में प्रकाशित सर्वेक्षणों ने वैश्विक एक्सचेंजों के नक्शे के रुझानों को स्पष्ट किया है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंजेज (डब्लूएफई) और इंटरनेशनल ऑप्शन्स मार्केट एसोसिएशन (आईओएमए) द्वारा विस्तृत उत्पाद श्रेणी के संबंध में वर्ष 2015 के लिए किए गए 'डेरिवेटिव मार्केट सर्वे के माध्यम से बाजार भागीदारों ने एनएसई पर विश्वास कायम रखा है। फ्युचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन (एफआईए) द्वारा किए गए इसी प्रकार के एक अन्य अध्ययन में भी एनएसई पर भरोसे की पुष्टि की गई है। इन सर्वेक्षणों ने कई अन्य पहलुओं के साथ ही डेरिवेटिव्स में ट्रेडिंग और क्लीयरिंग कामकाजपर ध्यान केंद्रित किया, एक्सचेंजों से ट्रेड डाटा और प्रतिक्रियायें बुलवाई गईं। डब्लूएफई /आईओएमए 2015 डेरिवेटिव मार्केट सर्वे और एफआईए के अध्ययन, दोनों ने वर्ष 2015 के लिए निफ्टी 50 ऑप्शन्स को दुनिया का सर्वाधिक सक्रिय ट्रेडेड डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट घोषित किया। डब्लूएफई /आईओएमए सर्वे प्रदर्शित करता है कि वर्ष 2015 मेंस्टॉक इंडेक्स ऑप्शन्स कॉन्ट्रैक्ट्स की संख्या के आधार परएनएसई वैश्विक एक्सचेंजों का नेतृत्व करता है। इसकी सर्वाधिक वार्षिक विकास दर (एजीआर) 79 प्रतिशत रही है।एफआईए के अध्ययन के अनुसार, एनएसई पर सभी प्रकारों के डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्टों की संख्या,61.2 प्रतिशतवृद्धि दर के साथ 3.03 अरब कॉन्ट्रैक्ट रही। जो कि सीएमई ग्रुप को बाद दूसरे स्थान पर है जबकि यूरेक्स तीसरे स्थान पर रहा। सिंगल स्टॉक फ्युचर्स कॉन्ट्रैक्टों की संख्या के आधार पर एनएसई को टॉप 10 एक्सचेंज श्रेणी में दूसरा स्थान दिया गया है।